सुक्खू सरकार ने दी बड़ी राहत

# हिमाचल 30 अप्रैल को रिटायर कर्मचारियों को मिलता रहेगा कम्प्यूटेशन का लाभ

## कैबिनेट में होगा आगे रिटायर होने वाले कर्मियों बारे फैसला

शिमला, 30 अप्रैल (हप्र)

हिमाचल प्रदेश में बुधवार 30 अप्रैल को रिटायर हुए कर्मचारियों और अधिकारियों को कम्प्यूटेशन का लाभ मिलता रहेगा। सरकार ने अप्रैल माह के अंतिम दिन आज रिटायर हुए कर्मचारियों व अधिकारियों को राहत दी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि अप्रैल माह में रिटायर हुए कर्मियों व अधिकारियों को पेंशन कम्प्यूटेशन का लाभ मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि आज डेढ़ हजार कर्मचारी व अधिकारी रिटायर हुए हैं। इन सभी को कम्प्यूटेशन का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में रिटायर होने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों की पेंशन कम्प्यूटेशन बारे कैबिनेट में फैसला होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडलीय उप समिति ने अपनी रिपोर्ट में पेंशन कम्प्यूटेशन को बंद करने व सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाने बारे सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि उप समिति की रिपोर्ट पर कैबिनेट में चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि वह खुद एक रिटायर कर्मचारी के बेटे हैं। लिहाजा वह जानते हैं कि कम्प्यूटेशन सरकारी कर्मचारियों के लिए कितना जरूरी होता है।

सुक्खू ने कहा कि सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने को लेकर भी मामला विचाराधीन है। इस पर कैबिनेट में चर्चा के बाद फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग का कार्यालय शिमला से शिफ्ट नहीं होगा। केवल बोर्डों व निगमों के कार्यालयों को धर्मशाला शिफ्ट करने बारे विचार किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि तंग आर्थिक हालत के बीच संसाधन जुटाने व खर्चों में कटौती के कारगर उपाय सुझाने के मकसद से सरकार ने उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडलीय उप समिति का गठन किया है। उप समिति ने कर्मचारियों की पेंशन कम्प्यूटेशन बंद करने व सेवानिवृत्ति की उम्र को बढ़ाने की सिफारिश की है। पेंशन कम्प्यूटेशन बंद होने से सालाना करोड़ों की बचत होगी। सरकार भी करोड़ों के एकमुश्त भुगतान से बचेगी। मगर प्रदेश के कर्मचारी कम्प्यूटेशन को यथावत रखने के पक्षधर हैं। लिहाजा कम्प्यूटेशन बारे मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला लिए जाने के मुख्यमंत्री के ऐलान से उन्होंने राहत की सांस ली है।

## थाने पर ग्रेनेड फेंकने की फिराक में घूम रहे 5 गिरफ्तार

बरनाला, 30 अप्रैल (निस)

अमृतसर जिले में पुलिस ने 5 बदमाशों को काबू किया है जोकि थाने पर बम फेंकने की फिराक में थे। पुलिस ने आरोपियों से हैंड ग्रेनेड, पिस्टल, मैगजीन और कारतूस बरामद किए हैं। पकड़े गए बदमाश विदेश में बैठे जीवन फौजी गैंग के गुर्गे बताए जा रहे हैं।

पुलिस ने जब आरोपियों को काबू किया तो एक बदमाश ने पुलिस मुलाजिम की रिवॉल्वर छीनकर पुलिस पर ही गोलियां चला दीं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की फायरिंग में आरोपी की टांग में गोली लगने से वह जख्मी हो गया। आरोपियों की पहचान नरेश कुमार, अभिनव कुमार, अजय कुमार, सनी कुमार और एक नाबालिग के तौर पर हुई है। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि विदेशी आतंकी जीवन फौजी के गुर्गे हैंड ग्रेनेड लेकर घूम रहे हैं, जो किसी थाने पर ग्रेनेड फेंक सकते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को काबू कर लिया।

## विश्व टीकाकरण सप्ताह के दौरान लगाये 231 कैंप

समराला, 30 अप्रैल (निस)



सिविल सर्जन लुधियाना डॉ. रमनदीप कौर के नेतृत्व में जिले भर में विश्व टीकाकरण सप्ताह अभियान चलाया गया। इसके तहत 0 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों को टीके लगाए गए। सिविल सर्जन डॉ. रमनदीप कौर ने बताया कि यह टीकाकरण अभियान 24 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जिले भर में एक सप्ताह तक चलाया गया, जिसकी निगरानी जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अमिता अरोड़ा द्वारा की गई।

उन्होंने बताया कि इस विश्व टीकाकरण सप्ताह अभियान के तहत जिले भर में लगभग 231 कैंप लगाए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 78 और शहरी क्षेत्रों में लगभग 153 विशेष कैंप आयोजित किए गए।

इन कैंपों के दौरान जिले भर में लगभग 4591 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसी प्रकार, गर्भवती महिलाओं के लिए जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में 210 और शहरी क्षेत्रों में लगभग 858 विशेष कैंप लगाकर कुल 1068 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया।

# पटियाला में दोबारा बाढ़ जैसी स्थिति पैदा नहीं होगी : डॉ. बलबीर सिंह

## अधिकारियों को दिये नदियों की सफाई के निर्देश

संगरूर, 30 अप्रैल (निस)



पटियाला में बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह, उपायुक्त डा. प्रीती यादव और अन्य अधिकारी बड़ी व छोटी नदियों का दौरा करते हुए। -निस

पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने आज पटियाला की बड़ी व छोटी नदियों के साथ लगते क्षेत्रों का दौरा किया तथा अधिकारियों को मई माह में नदियों की पूरी तरह सफाई करने, नदियों के आसपास से अवैध कब्जे हटाने तथा नदियों के किनारे हरित पट्टी विकसित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ उपायुक्त डॉ. प्रीति यादव, पी.डी.ए., सीएमसी की मुख्य प्रशासक मनीषा राणा, वरिष्ठ डिप्टी मेयर हरिंदर कोहली तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। डॉ. बलबीर सिंह ने बड़ी व छोटी नदियों के साथ लगते समूचे क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद कहा कि पंजाब सरकार पूरी तरह सतर्क है और पटियाला में दोबारा बाढ़ जैसी स्थिति पैदा नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने जल निकास एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नदियों की सफाई का कार्य मई माह के भीतर पूरा कर लिया जाए तथा जहां भी आवश्यक हो, वहां बांध बनाने का कार्य तुरंत शुरू कर दिया जाए। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को फलोली में बड़ी नदी के किनारे के क्षेत्र को हरित पट्टी के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बड़ी नदी में आसपास की कॉलोनियों से आने वाला सीवेज दौलतपुर के पास 15 एमएलडी तक पहुंच गया है। और सनी एन्क्लेव के पीछे 26 एमएलडी का एसटीपी प्लांट की स्थापना के साथ ही सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बंद हो जाएगा और यह प्लांट सितंबर में चालू हो जाएगा। इस दौरान डॉ. बलबीर सिंह ने जुझार नगर में पार्क के पास खाली पड़ी जमीन का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को यहां प्राथमिक स्कूल बनाने के लिए कार्रवाई शुरू करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि जुझार नगर में स्कूल गुरुद्वारा साहिब में चल रहा है और यहां 150 से अधिक बच्चे पढ़ते हैं, इसलिए पार्क के साथ लगती जमीन पर सरकारी स्कूल बनाया जाएगा, जिससे क्षेत्र को काफी लाभ होगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने अर्बन एस्टेट स्थित पूडा भवन में पूडा द्वारा विकसित अर्बन एस्टेट की अन्य कॉलोनियों, पूडा एन्क्लेवों की रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसायटियों के साथ मीटिंग करते हुए कहा कि इन कॉलोनियों की समस्याओं को पहल के आधार पर हल किया जाएगा।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हिमाचल दौरा स्थगित

शिमला, 30 अप्रैल (हप्र)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 5 मई से प्रस्तावित हिमाचल प्रदेश दौरा स्थगित हो गया है। उनका दौरा स्थगित होने की सूचना प्रदेश सरकार को मिल गई है। इस सूचना में कहा गया है कि यह दौरा पोस्टपोन (स्थगित) किया गया है। ऐसे में आगामी समय में उनका प्रदेश आने का कार्यक्रम फिर से बन सकता है। पहले तय दौरे के अनुसार राष्ट्रपति को 5 मई को शिमला पहुंचना था। इसके बाद उनका 6 मई को शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान (आरट्रैक) में कार्यक्रम निर्धारित था। उन्हें 7 मई को आईआईटी मंडी और 8 मई को अटल टनल रोहतांग का दौरा करने के बाद 9 मई को दिल्ली लौटना था।

# दो एकड़ के तालाब के ओवरफ्लो पानी से होगी 170 एकड़ भूमि की सिंचाई

संगरूर, 30 अप्रैल (निस)

विधानसभा क्षेत्र धूरी के गांव घनौर कलां में दो एकड़ भूमि पर फैला तालाब अब गांव के लिए अभिशाप या कुरूपता का केंद्र नहीं रहेगा, बल्कि अब इस तालाब के पानी से 170 एकड़ भूमि की सिंचाई की जाएगी। इस महत्वपूर्ण परियोजना के तहत पाइप बिछाने के कार्य का उद्घाटन पंजाब राज्य उद्योग निगम के चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने किया। इस अवसर पर उनके साथ मंडी बोर्ड के चेयरमैन राजवंत सिंह घुली भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने बताया कि गांव घनौर कलां में गंदे पानी की बहुत बड़ी समस्या थी। ग्रामीणों ने जब यह समस्या मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के ध्यान में लाई तो उन्होंने पंजाब सरकार के भूमि संरक्षण एवं जल संरक्षण विभाग को तुरंत इसका समाधान करने को कहा। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा तैयार की गई परियोजना के तहत अब तालाब के पानी को करीब दो किलोमीटर लंबी भूमिगत पाइप के माध्यम से सिंचाई के लिए लोगों के खेतों तक पहुंचाया जाएगा। पंजाब सरकार और नाबार्ड की इस संयुक्त परियोजना पर कुल 21.25 लाख रुपये खर्च होंगे।

इस अवसर पर गांव के सरपंच जसविन्द्र सिंह व अन्य पंचायत सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि इस कार्य के पूरा होने से तालाब का पानी ओवरफ्लो नहीं होगा। पहले यह पानी सड़कों पर बहता रहता था, जिस कारण मौसमी बीमारियां और दुर्गंध का प्रकोप हर समय बना रहता था। बरसात के मौसम में यह समस्या बहुत गंभीर हो जाती थी।

यह पानी गेहूं और धान की फसलों के लिए उपलब्ध होगा। पहले जहां यह पानी बर्बाद हो जाता था, वहीं अब इसका उपयोग कृषि के लिए किया जाएगा। अब किसानों को मोटर पंप से धरती में से पानी निकालने की जरूरत नहीं पड़ेगी। भूमि एवं जल संरक्षण विभाग, पंजाब के अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि इस तालाब से खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए साढ़े सात हॉर्स पावर की सौर पंप मोटर का प्रयोग किया जाएगा।

# विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर कार्यशाला आयोजित

धर्मशाला, 30 अप्रैल (निस)

विश्व पशु चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में जिला कांगड़ा के पशु चिकित्सा अधिकारियों, उप निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन कांगड़ा, द्वारा कार्यशाला का आयोजन धर्मशाला के डीआरडीए हॉल में किया गया। इस कार्यशाला में एडीएम शिल्पा बेक्टा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने पशु चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सक न केवल पशुओं के स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं, बल्कि मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच सहयोग पर जोर दिया ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक समय पर पहुंच सके।

इससे पूर्व डॉ. सीमा गुलेरिया, उप निदेशक, पशु स्वास्थ्य/प्रजनन कांगड़ा, धर्मशाला ने अपने संबोधन में कहा कि पशु चिकित्सा पेशा सेवा भावना और समर्पण का प्रतीक है।

उन्होंने बताया कि विश्व पशु चिकित्सा दिवस का विचार वर्ष 2000 में आया और इसे पहली बार अप्रैल 2001 के अंतिम शनिवार को विशेष थीम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर डॉ. अंचल शर्मा, पशु चिकित्सा अधिकारी कोटला बेहड़ ने पशुपालन में टीम वर्क के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. कशिश कुमार ने समाज में पशु चिकित्सकों की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर सहायक निदेशक डॉ. सुजय शर्मा और डॉ. संदीप मिश्रा सहित सभी वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य पशु चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. नं. | बोर्ड/ निगम/ अथारिटी का विवरण | कार्य निविदा सूचना का विवरण | खोलने की तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ धरोहर राशि (अनु.) रु. में | बोर्ड/ निगम अथारिटी की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | एक वर्ष हेतु रिहायशी सेक्टर-1, HSIIDC, IMT, मानेसर की देखरेख का कार्य। | 01.05.2025 07.05.2025 | 22.74 LACS | https://etenders.hry.nic.in | (9910728120) (ia.manesar@hsiidc.org.in) |

अधिक विवरण हेतु कृपया पधारें - www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in PRDH/13/2026/40/34317/I/11/4

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. नं. | बोर्ड/ निगम/ अथारिटी का विवरण | कार्य निविदा सूचना का विवरण | खोलने की तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ धरोहर राशि (अनु.) रु. में | बोर्ड/ निगम अथारिटी की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | डीएचबीवीएनएल के क्षेत्राधिकार में टर्नकी आधार पर ओपी सर्कल-1, डीएचबीवीएनएल गुरुग्राम अधीन 01 अदद 33 केवी सब-स्टेशन नामतः JASAT के लिए सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, टेस्टिंग एवं चालू करना (सिविल कार्यों सहित)। | 28.04.2025 19.05.2025 | EMD 10 LACS | www.dhbvn.org.in | 01662223216 cepdc@dhbvn.org.in |

अधिक विवरण हेतु कृपया पधारें - www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in PRDH/13/2026/40/34302/I/11/4

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. नं. | बोर्ड/ निगम/ अथारिटी का विवरण | कार्य निविदा सूचना का विवरण | खोलने की तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ धरोहर राशि (अनु.) रु. में | बोर्ड/ निगम अथारिटी की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | निविदा पूछताछ नं. TSGP-19/RDSS/2025-26 के प्रति "रिवैम्पड रिफार्म्ज- लिंक्ड रिजल्ट्स बेस्ट स्कीम" के तहत प्राजेक्ट मैनेजमेंट डीएचबीवीएन (फरीदाबाद तथा गुरुग्राम) में सहायता तथा स्पोर्ट हेतु कंसल्टेंसी सेवाएं देने के लिए प्रस्ताव हेतु आमंत्रण। | 28.04.2025 19.05.2025 | - | www.dhbvn.org.in | 7840087603 cesmartcity@dhbvn.org.in |

अधिक विवरण हेतु कृपया पधारें - www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in PRDH/13/2026/40/34319/I/11/4

**कार्यालय : वसूली अधिकारी-I/II**
**ऋण वसूली अधिकरण, चंडीगढ़ (DRT 1)**
द्वितीय तल, एससीओ 33-34-35, सेक्टर 17-ए, चंडीगढ़

आयकर एक्ट, 1961 की द्वितीय अनुसूची के रूल 2 तथा रिकवरी आफ डेब्ट्स एंड बैंकरप्टसी एक्ट, 1993 की दफा 25 से 28 के तहत नोटिस

RC/2235/2017 **प्रकाशन नोटिस** 23.01.2025

**स्टेट बैंक आफ इंडिया**
**बनाम**
**मै. अतुल लैदर्ज़**

**सूचना बनाम**
**(सीडी 1) : मै. अतुल लैदर्ज़** मार्फत इसके प्रोप. **श्री अतुल शुक्ला** पुत्र डी.एस. शुक्ला निवासी गांव मेहन डाक. चांदपुर तह. सदर, बिलासपुर (हि.प्र.)
**(सीडी 2) : अतुल शुक्ला,** प्रोप. मै. अतुल लैदर्ज़ निवासी गांव मेहन डाक. चांदपुर तह. सदर, बिलासपुर (हि.प्र.)।
**यहां भी : दूसरा पता :** निवासी 101, कोसरियां सेक्टर, बिलासपुर (हि.प्र.)।

**OA/865/2013** में सभापति ऋण वसूली अधिकरण चंडीगढ़ (DRT-1) द्वारा पारित आदेशों के अनुसार जारी वसूली प्रमाणपत्र के अनुसार यह अधिसूचित किया जाता है कि **रु. 20,000/-** की लागत सहित एवं 30.10.2013 से वापसी तक मासिक बकाए सहित कैश क्रेडिट लिमिट पर 12.75% सालाना और टर्म लोन पर 13.50% सालाना की दर पर विचाराधीन एवं भविष्य के ब्याज सहित **रु. 17,38,229/-** की राशि आपके प्रति (संयुक्त एवं पृथक/पूर्णतः/सीमित रूप में) बकाया है।
2. आपको निर्देशित है कि नोटिस की प्राप्ति से 15 दिन के अंदर उक्त राशि का भुगतान करें, अन्यथा वसूली को रिकवरी आफ डेब्ट्स ड्यू टु बैंक एंड फायनेंशियल इंस्टिच्यूशंज एक्ट, 1993 व इसके तहत आने वाले नियमों के अनुसार किया जायेगा।
3. आपको आदेश दिया जाता है कि आप अगली सुनवाई से पहले अपनी संपत्ति के विवरण बारे एक शपथपत्र द्वारा घोषणा करें।
4. अगली कार्यवाही के लिए आप **05.05.2025** को **प्रातः 10.30** बजे अधोहस्ताक्षरी के सम्मुख पेश हों।
5. उक्त राशि के अलावा आपको निम्न भी देना हैः
(ए) सर्टिफिकेट/कार्यकर्दगी कार्यवाही के इस नोटिस के तुरंत बाद की अवधि के लिए बनता ब्याज।
(बी) बकाया रकम प्राप्त करने के लिए इस नोटिस, वारंटों की तामील तथा अन्य प्रक्रियाओं और कार्यवाही में हुआ खर्चा, चार्जेज व लागत।
मेरे हस्ताक्षर एवं इस अधिकरण की मोहर से **23.01.2025** को जारी।
DI-2703 **वसूली अधिकारी, ऋण वसूली ट्रिब्यूनल चंडीगढ़ (DRT 1)**

YUVA
**कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा**
**कौशल भवन, सैक्टर-3, पंचकूला**
**होम स्टे की ट्रेनिंग के लिए चयन हेतु आवेदन**

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के अंतर्गत कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा हरियाणा राज्य के जिला पंचकूला, कुरुक्षेत्र, गुरुग्राम तथा फरीदाबाद के 15 से 29 वर्ष की आयु के युवाओं को होम स्टे की निःशुल्क ट्रेनिंग हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 15.05.2025 तक जिला नोडल आईटीआई पंचकूला, कुरुक्षेत्र, गुरुग्राम तथा फरीदाबाद में आवेदन करें। आवेदन प्रपत्र एवं नियम व शर्तें विभाग की वेबसाइट **www.itiharyana.gov.in** से डाउनलोड करें। चयन प्रक्रिया में विभाग का निर्णय अंतिम होगा।

PRDH/1065/11/142/2026/34296/11/4 **निदेशक।**

**pnb Housing Finance Limited** Ghar Ki Baat

परिशिष्ट –4–क
**अचल सम्पत्ति(यों) की ई–नीलामी बिक्री सूचना**
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

**पंजीकृत कार्यालय** : – 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली –110001 फोनः – 011–23357171, 23357172, 23705414, **वेबसाइट : www.pnbhousing.com**
**करनाल शाखाः**– पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, एससीओ 218–219, द्वितीय तल, सेक्टर 12, भाग 1, सिटी सेंटर हुडा, करनाल – 132001

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर–डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर–सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है"**, **"जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः **www.pnbhousing.com** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

| ऋण संख्या, कर्जदार/ सह–कर्जदार का नाम गारंटर(s) (ए) | मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी) | कब्ज़ा का प्रकार (सी) | बंधक रखी सम्पत्तियों का विवरण (डी) | आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई) | ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ) | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी) | बोली वृद्धि राशि (एच) | निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई) | नीलामी की तिथि एवं समय (जे) | ज्ञात ऋणभार/ न्यायालय मामला, यदि कोई, (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| HOU/KAR/1217/467125, बी.ओ. करनाल, सुशील कुमार/ सुनीता देवी | 18.04.2022 तक रु. 17,46,482.61 | भौतिक कब्जा | प्लॉट वार्ड नंबर 17, विग कॉलोनी, घरौंडा, कश्यप पेंटर वाली गली, तहसील घरौंदा, करनाल हरियाणा–132114 में स्थित, खेवट संख्या 1257, खतौनी संख्या 1561, मुर्राबा संख्या में सम्मिलित 147, किला नंबर 20, 5/72 रकबा का हिस्सा 3 कनाल 12 मरले बकदार 5 मार्ले (150 वर्ग गज), जमाबंदी वर्ष 2010–2011 के नाम पर श्रीमती सुनीता देवी ने विक्रय पत्र रजि. क्रमांक 4299 दिनांक 06.01.2014 | रु. 1120000 | रु. 112000 | 15.05.2024 | रु. 10000 | 05.05.2025 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5:30 बजे | 16.05.2025 अप. 12.30 बजे से अप. 2:30 बजे | Not Known |

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। "पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकरी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर–के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है।

1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है। 2. संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर–के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है परंतु उसी तक सीमित नहीं है, का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से कर सकती हैं तथा सभी संदर्भों में अपनी संतुष्टि अपनी निविदा/बोली आवेदन प्रस्तुत करने अथवा ऑफर(र्स) प्रस्तुत करने से पहले कर सकती हैं। बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। 3. कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% (ब्याना सहित) जमा करने के लिए बाध्य है। पैसा, यदि कोई हो, जमा किया गया) उसी दिन या अगले कार्य दिवस की तुलना में बाद में नहीं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त करने के बाद ही (बोली लगाने वाले) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और इस तरह की जमा राशि के डिफॉल्ट होने पर, संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। 4. **मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री संचालन में प्राधिकृत अधिकारी कापरिट कार्यालय पता : प्लॉट नंबर 68, तृतीय तल, सेक्टर–44, गुरूग्राम, हरियाणा–122003 वेबसाइट – **www.bankeauctions.com** सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, पीएनबीएचएफएल प्राधिकृत अधिकारी **राहुल दुआ संपर्क नंबर 1800 120 8800**, या सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अथवा **www.pnbhousing.com** पर देखे

स्थान : करनाल, दिनांक : 01.05.2025 **प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**

**Vaish Education Society (Regd.)**
Behind Railway Station, Rohtak-124001 (Haryana)
(Contact No. 01262-248596, Mobile No. 9466488374, email : vesrtk123@gmail.com)

**Notification for Election of Collegium and Governing Body Election–2025**

I Rajinder Bansal, Returning Officer-cum-General Secretary, Vaish Education Society (Regd.) Rohtak is hereby declare the schedule of Election of Collegium & Governing Body 2025 onbehalf of Vaish Education Society (Regd.) Rohtak.

**SCHEDULE OF ELECTION OF COLLEGIUM**

| Sr.No. | Particular | Date |
|---|---|---|
| 1 | Publication of voter list at the office of Vaish Education Society, Rohtak & on the society's website www.vesrohtak.org | 01.05.2025 |
| 2 | Inviting claims and objections in voter list before the Returning Officer, Vaish Education Society, Rohtak | 04.06.2025 to 10.06.2025 |
| 3 | Publication of supplementary voter list, if any | 12.06.2025 |
| 4 | Filing claim before the District Registrar of Societies, Rohtak | 12.06.2025 to 27.06.2025 |
| 5 | Publication of final voter list for election at Society website www.vesrohtak.org | 02.07.2025 at 1:00 PM |
| 6 | Filing of Nominations at Election Office Vaish Education Society, Rohtak | 03.07.2025 to 05.07.2025 |
| 7 | Scrutiny of Nominations | 06.07.2025 to 07.07.2025 |
| 8 | Announcement /Publication of Nominations | 08.07.2025 |
| 9 | Withdrawal of Nominations | 09.07.2025 and 10.07.2025 (till 01:00 PM) |
| 10 | Publication of final List of contesting candidates | 11.07.2025 |
| 11 | Allotment of Symbol | 12.07.2025 |
| 12 | Date of Poll | 20.07.2025 (Sunday) ( 8.00 AM to 4.00 PM) |
| 13 | Counting of votes and Declaration of Result | Counting on same day after completion of Poll |

**SCHEDULE OF ELECTION OF GOVERNING BODY**

| Sr.No. | Particular | Date |
|---|---|---|
| 1 | Publication of list of Elected Collegium | 23.07.2025 |
| 2 | Meeting of Newly Elected Collegium Members | 25.07.2025 at 01:00 PM |
| 3 | Filing of Nominations (Only by the Elected Collegium Members) | 28.07.2025 to 29.07.2025 (10.00 AM to 4.00 PM) |
| 4 | Scrutiny of Nominations | 30.07.2025 and 31.07.2025 |
| 5 | Publication of Nominations List | 01.08.2025 |
| 6 | Withdrawal of Nominations | 02.08.2025 |
| 7 | Publication of final list of contesting candidates | 04.08.2025 at 11.00 AM |
| 8 | Allotment of Symbol | 04.08.2025 (1.00 PM to 4.00 PM) |
| 9 | Date of Poll | 10.08.2025 (Sunday) 1100 AM to 4.00 PM |
| 10 | Counting of votes and declaration of Result | Counting on same day after completion of Poll |

During the election of Collegium & Governing Body 2025, Vaish Education Society, Rohtak, the election office will be at Vaish Public School, Behind Railway Station, Rohtak with working hours from 10:00 AM to 04:00 PM. Code of Conduct applies as per Bye-laws of Vaish Education Society (Regd.), Rohtak, for more detail and instructions regarding Election of Vaish Education Society please visit our website www.vesrohtak.org and contact to Mobile no. 9466488374.

Rajinder Bansal
Returning Officer –cum-General Secretary
Vaish Education Society (Regd.) Rohtak